Ans. (c) : 'मेवाड़ की पुकार' 21 सूत्रीय मांगपत्र का सम्बन्ध मोतीलाल तेजावत से है। मोतीलाल तेजावत का आन्दोलन एकी आन्दोलन कहलाता है। चित्तौड़गढ़ के मातृकुंडिया नामक स्थान से वैशाख शुल्क पूर्णिमा को इस आंदोलन की शुरुआत हुई थी। मातृकुंडिया को राजस्थान का हरिद्वार भी कहा जाता है। तेजावत द्वारा मेवाड़ के महाराणा फतेह सिंह को दी गई 21 सूत्री मांगों को मेवाड़ की पुकार कहा जाता है।

549. सन् 1907 में, चुरू में स्वामी गोपालदास ने किस सभा की स्थापना की थी?

(a) बाल भारत सभा (b) देश हितैषिणी सभा
(c) सर्वहिसकारिणी सभा (d) परोपकारिणी सभा

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : सर्वहितकारिणी सभा की स्थापना बीकानेर राज्य के चुरू में वर्ष 1907 में की गयी थी। इसके संस्थापकों में स्वामी गोपाल दास, पंडित कन्हैयालाल, पंडित श्रीराम मास्टर रहे है। यह हितकारिणी सभा अपने राजनीतिक कारणों के कारण चुरू की कांग्रेस कहलायी। विद्या प्रचार दुखियों की सेवा और समाज सुधार कार्यो को इसने अपना उद्देश्य बनाया।

550. जमनालाल बजाज ने स्थापना की थी-

(a) जयपुर प्रजामंडल
(b) मेवाड़ प्रजामंडल
(c) सीकर प्रजामंडल (d) मारवाड़ प्रजामंडल

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (a) : जमनालाल बजाज ने मई 1931 ई में जयपुर प्रजामंडल की स्थापना की।

- मेवाड़ प्रजामण्डल - माणिक लाल वर्मा (1938)
- बीकानेर प्रजामण्डल - मघाराम (1936)
- जैसलमेर प्रजामण्डल - मीठालाल व्यास (1945)
- डूंगरपूर प्रजामण्डल - भोगीलाल पाण्ड्या (1944)

551. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

(a) विजय सिंह पथिक -टॉडगढ़ जेल
(b) अर्जुनलाल सेठी -बेलर जेल
(c) केसरी सिंह बारहठ-हजारीबाग जेल
(d) जोरावर सिंह-बरेली जेल

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : ठाकुर जोरावर सिंह बारहठ प्रसिद्ध क्रान्तिकारी केसरी सिंह बारहठ के छोटे भाई थे। राजधानी परिवर्तन के दौरान दिसम्बर 1912 में वायसराय लॉर्ड हार्डिंग के जुलुस पर बम फेंकने वालों में शामिल थे। इसमें वायसराय बाल-बाल बच गये। जोरावर सिंह गिरफ्तारी बचने के लिए भूमिगत हो गये और अंत समय तक गिरफ्तारी से बचे रहे। वर्ष 1939 में इनकी मृत्यु हो गयी।

552. भरतपुर राज्य प्रजा संघ की स्थापना हुई -

(a) 1937 में (b) 1928 में
(c) 1938 में (d) 1942 में

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : भरतपुर प्रजामंडल की स्थापना हरिपुरा अधिवेशन (1938 ई.) के बाद 1938 में हुई थी। इसके संस्थापकों में गोपीलाल यादव (अध्यक्ष), श्री किशनलाल जोशी, जुगल किशोर चतुर्वेदी, मास्टर आदित्येंद्र, ठाकुर देशराज शामिल थे। भरतपुर प्रजामंडल ने भारत छोड़ों आंदोलन में भाग लिया था।

553. 1938 में जयपुर प्रजामण्डल का प्रथम वार्षिक अधिवेशन किसकी अध्यक्षता में आयोजित हुआ?

(a) हीरालाल शास्त्री (b) कपूर चन्द्र पाटनी
(c) जमनालाल बजाज (d) बाबा हरिश्चन्द्र

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) – वर्ष 1938 में जयपुर प्रजामण्डल का प्रथम वार्षिक अधिवेशन सेठ जमुनालाल बजाज की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया। इस अधिवेशन का आयोजन 1938 ई. को जयपुर में किया गया था।
1931 में कपूरचन्द पाटनी ने जयपुर प्रजामण्डल की स्थापना की थी।

554. अंग्रेजों के साथ करौली राज्य की संधि कब हुई थी?

(a) 9 नवम्बर, 1817 (b) 9 दिसम्बर, 1817
(c) 9 फरवरी, 1818 (d) 9 मार्च, 1818

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (a) – अंग्रेजों के साथ करौली राज्य की संधि '9 नवम्बर 1817' को हुई थी। करौली राज्य की स्थापना 10वीं सदी में ''राजा विजयपाल'' ने की थी। वर्ष 1818 ई. में करौली राजपूताना एजेंसी का हिस्सा बना। वर्तमान में करौली राजस्थान राज्य का एक जिला है। ''करौली का सिटी पैलेस'' राजस्थान के प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक है। यहाँ स्थित मदन मोहन जी का मंदिर भी बहुत लोकप्रिय है।

555. जयपुर में 'रामप्रकाश थियेटर' की स्थापना किस महाराजा के काल में हुई-

(a) महाराजा मानसिंह
(b) महाराजा रामसिंह द्वितीय
(c) महाराजा ईश्वरी सिंह
(d) महाराजा विजयसिंह

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (b) – महाराजा रामसिंह द्वितीय के समय जयपुर में 'रामप्रकाश रंगमंच' की स्थापना 1879 ई. में हुई। रंगमंच की डिजाइन ब्रिटीश वास्तुकला को प्रदर्शित करता है।

556. जैसमलेर रियासत के इतिहास में पहली बार जवाहर दिवस कब मनाया गया-

(a) 15 अगस्त, 1936 (b) 26 मार्च, 1938
(c) 16 नवम्बर, 1930 (d) 3 मई, 1941

JEN Mechanical Diploma 21.8.2016

Ans. (c) – जैसलमेर रियासत के इतिहास में पहली बार जवाहर दिवस 16 नवम्बर, 1930 ई. को मनाया गया। नवम्बर 1930 को पंडित जवाहर लाल नेहरू के स्वास्थ्य लाभ की कामना हेतु यह दिवस मनाया गया। ब्रिटिश सरकार ने जवाहर दिवस मनाने के कारण सागरमल गोपा, रघुनाथ सिंह मेहता एवं आईदान सिंह को जेल में डाल दिया। वर्ष 1932 में रघुनाथ सिंह मेहता की अध्यक्षता में माहेश्वरी युवक मंडल की स्थापना की गयी।

557. प्रताप सिंह बारहठ को किस षड़यन्त्र केस के तहत जेल भेजा गया-

(a) बनारस षड़यन्त्र (b) लाहौर षड़यन्त्र
(c) अलीपुर षड़यन्त्र (d) मेरठ षडयन्त्र

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016